आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




01 फरवरी 2025
. दिन शनिवार

बर्ष :13 अंक :390 पृष्ठ -4 दिनांक 01 फरवरी 2025 दिन शनिवार

# गणतंत्र दिवस परेड में UP की झांकी को मिला प्रथम स्थान

## महाकुंभ के दिव्य स्वरूप को दर्शाया गया

लखनऊ। राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर निकली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर केंद्रित थी। नयी दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तर प्रदेश की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एक सरकारी बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर केंद्रित थी। बयान में कहा गया कि वर्ष 2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन 'महाकुम्भ' अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम



है। इस झांकी के केन्द्र में भी यही रहा। झांकी के अग्र भाग में 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शायी गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित होती प्रतीत हो रही थी। साथ ही, शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं की प्रतिकृति ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवन्त किया।

## लखनऊ भीख मांगने वालों के पास सुनहरा . मौका, मिलेगी नौकरी

लखनऊ के भिखारियों के लिए एक सुनहरा मौका है। अब उन्हें इस भीख मांगने की मजबूरी से निजात मिलने वाली हैं। जी हां अब भिखारियों को अब अपनी रोजी-रोटी के लिए सड़कों पर दरबदर भटकना नहीं होगा। वे अपनी मेहनत की कमाई से अपना घर चला सकते हैं। आइए हम आपको बताते हैं कि कैसे?दरअसर, लखनऊ में भीख मांगने वालों को सफाई कर्मचारी की नौ. करी प्रदान करने के लिए विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप के जरिए उन्हें आउटसोर्सिंग के माध्यम से नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। यह कैंप 3 और 4 फरवरी को राजधानी के विभिन्न इलाकों में लगाया जाएगा। बाल भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को भी इस कैंप के माध्यम से चिन्हित किया गया है, और 256 बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिया जाएगा। अक्टूबर में समाज कल्याण विभाग और डूडा के सर्वेक्षण में राजधानी में कुल 5312 भिखारियों की लिस्ट सामने आई थी। जिसमें काफी हैरान कर देने वाले खुलासे हुए थे। राजधानी में भिखारियों ने कमाई के मामले में कई नौकरीपेशा वालों को भी पीछे छोड़ दिया था। सर्वेक्षण के दौरान लखनऊ में कई भिखारियों के पास स्मार्टफोन और पैनक. ार्ड तक मिले। भिखारियों के धरपकड़ अभियान और सर्वे में ये बात भी सामने आई है की कई भिखारियों की औसतन मासिक आमदनी 90 हजार से 1 लाख रुपये महीना तक है यानी की सालाना आय लगभग 12 लाख रुपये। सर्वे के मुताबिक, लखनऊ के लोग का भिखारियों को अमीर बनाने में काफी बड़ा हाथ है। रोजाना औसतन 63 लाख रुपये भीख इन भिखारियों को दी जाती हैं।

## कलेक्ट्रेट पर मेट्रो स्टेशन, मुख्य प्रवेश द्वार हटेगा. डीसीपी ऑफिस के पास बनेगी भूमिगत पार्किंग




आगरा मेट्रो स्टेशन बनने से कलेक्ट्रेट का नक्शा बदल जाएगा। मुख्य प्रवेश द्वार हटेगा, पार्किंग खत्म होगी। ऐसे में स्टेशन निर्माण के बारे में प्रशासन और मेट्रो अधिकारियों के बीच बैठकों का दौर चल रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय जिलाधिकारी को लेना है।कैंट रेलवे स्टेशन, सदर बाजार, प्रतापपुरा होते हुए एमजी रोड पर कलेक्ट्रेट, सुभाष पार्क से आगरा कॉलेज तक पहले चरण में 6 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन बनेंगे। आगरा कॉलेज स्टेशन इंटरचेंज की भूमिका में होगा। यहां भूमिगत व एलिवेटेड दोनों कॉरिडोर मिलेंगे। कैंट व सदर मेट्रो स्टेशन के लिए मिट्टी की सैंपलिंग हो रही है।इधर, कलेक्ट्रेट मेट्रो स्टेशन कलेक्ट्रेट में बनेगा। डीसीपी सिटी ऑफिस के बराबर में 700 वर्ग मीटर भूमि कलेक्ट्रेट स्टेशन के लिए चिह्नित है। कलेक्ट्रेट में स्टेशन निर्माण पर प्रशासन तैयार नहीं। वैकल्पिक रूप से कलेक्ट्रेट के आगे धाकरान चौराहा के पास भूमि का प्रस्ताव रखा गया। जिसे लेकर मेट्रो अधिकारी सहमत नहीं। धाक. रान पर मोड़ होने के कारण एलाइनमेंट गड़बड़ा रहा है।यहां दिक्कत होगी। ऐसे में मेट्रो अधिकारी कलेक्ट्रेट में ही स्टेशन निर्माण पर अड़े हैं। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने शुक्रवार को मेट्रो अधिकारी, तकनीकी टीम की बैठक बुलाई है। जिसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद निर्णय हा. `गा।सुरक्षा में लग सकती है सेंधकलेक्ट्रेट परिसर में बैंक है। कोषागार है। अधिवक्ताओं के चौंबर से लेकर अन्य कार्यालय हैं। शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट बंद हो जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से संवे. दनशील क्षेत्र में मेट्रो स्टेशन बनने से जहां रात 11 बजे तक भीड़ का दबाव रहेगा। सुरक्षा में भी सेंध लग सकती है। इसके अलावा 2027 में विधानसभा चुनाव होंगे। कलेक्ट्रेट में नामांकन होते हैं। पांच लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। मेट्रो स्टेशन से यह प्रोटोकॉल भी प्रभावित हो सकता है।सांई की तकिया पर बनेगा प्रतापपुरा स्टेशन दूसरे कॉरिडोर में 15 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन बनेंगे। सदर बाजार के बाद प्रतापपुरा पर मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित है। इस स्टेशन के लिए सांई की तकिया पर रोजगार कार्यालय की भूमि चिह्नित की गई है। ऐसे में यहां रोजगार कार्यालय भी प्रभावित हो सकता है। पूर्व में मेट्रो स्टेशन से आगरा कॉलेज, आरबीएस कॉलेज खेल मैदान खत्म हो गए। पीएसी मैदान में डिप्लेशन चुकी है।

## मुरादाबाद महिला को छेड़ना मनचले को पड़ा भारी, दिव्यांग . पति ने सिखाया सबक

मुरादाबाद। दिव्यांग पति के साथ स्कूटी से जा रही महिला को छेड़ना मनचले युवक को भारी पड़ गया। महिला और उसके पति ने युवक की थप्पड़ों और स्टील की छड़ी से जमकर पिटाई कर दी। इस पूरी घटना का किसी राहगीर ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना कोतवाली ठाकुरद्वारा इलाके की बताई जा रही है।शराब की दुकान के बाहर खड़े होकर शराब पी। इसके बाद शराब की दुकान के सामने अपने दिव्यांग पति के साथ स्कूटी से जा रही महिला के ऊपर अश्लील टिप्पणी और छेड़छाड़ की। फिर क्या था महिला और उसके पति ने मनचले की जमकर पिटाई कर दी।

**संभल में धूमधाम से मनाया गया श्री साई नाथ का वार्षिकोत्सव, हुआ हवन**

संभल,श्री साईंनाथ का 16वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर कल्याण की कामना की।संभल के श्री साईं मंदिर में शुक्रवार को सुबह से ही कार्यक्रम शुरू हो गए। सबसे पहले श्री साईंनाथ का हवन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ आहुतियां दी। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ तो श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस बीच भजनों से माहौल भक्ति में बना रहा। शाम को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अग्रवाल बंधु शशांक और अतुल भजनों की प्रस्तुति देकर श्री साईं का गुणगान करेंगे।

## कानपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में उतरी ट्रैफिक पुलिस बाइक . सवारों को पहनाएं हेलमेट

कानपुर, । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की। एडीसीपी यातायात अर्चना सिंह ने कानपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट एफकांस सैमइंडिया के सहयोग से एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लोगों को जागरूक कर हेलमेट पहनने की सलाह दी। कार्यक्रम में मेट्रो के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को यातायात के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। इसमें सीटबेल्ट का उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल या ईयरफोन के प्रयोग से बचने और आपातकालीन स्थितियों में की जाने वाली सावधानियों पर जोर दिया गया। जागरूकता अभियान के दौरान यातायात चिह्नों, रोड साइन, प्राथमिक चिकित्सा और गोल्डन आवर की महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। यातायात नियमों को लेकर पंपप्लेट वित. रित किए गए। हेलमेट वाहन चलाने वाले लोगों को न केवल सचेत किया गया, बल्कि उन्हें हेलमेट भी प्रदान किए



गए।कार्यक्रम का समापन एक विशेष ट्रैफिक जागरूकता रैली के साथ हुआ, जो मिलिट्री कैंप तिराहे से बारदेवी चौराहे तक निकाली गई। वहीं पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने झाड़ी बाबा पड़ाव, नया गंगा पुल, पंचकी चौराहा व नरौना चौराहा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने पैदल गश्त कर यातायात बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमण को हटवाया और फुटपाथ पर कब्जेदारों को सख्त हिदायत दी। हिदायत दी कि फुटपाथ व सड़क पर अपने दुकान का सामान न रखें। निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त छावनी, प्रभारी निरीक्षक हरबंश मोहाल, प्रभारी निरीक्षक छावनी आदि मौजूद रहे।

## जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में उपभोक्ता फोरम की ओर से फैसला सुनाते हुए अस्पताल के संचालक और डॉक्टर पर 9.05 लाख रूपये हर्जाना लगाया




रामपुर, जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में उपभोक्ता फोरम की ओर से फैसला सुनाते हुए अस्पताल के संचालक और डॉक्टर पर 9.05 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। फोरम ने आदेश दिया है कि हर्जाने की राशि 45 दिन में सात फीसदी की दर से अदा करें।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर स्थित शक्तिनगर निवासी प्रदीप कुमार यादव ने अपनी पत्नी शोभा यादव को प्रसव के लिए 20 जून 2022 को गंगा अस्पताल में भर्ती कराया था। शोभा ने बच्चे को जन्म दिया था। डॉक्टर अर्चना और अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही से शोभा व बच्चे की हालत बिगड़ गई थी। डॉक्टर ने दोनों को टीएमयू मुरादाबाद में भर्ती कराया था। जहां दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर मामला कोर्ट में पहुंच गया। कोर्ट के आदेश पर सीएमओ ने पैनल से जांच कराई तो अस्पताल में ट्रेंड स्टाफ न होने के साथ ही डाक्टर की बड़ी लापरवाही भी सामने आई। पता चला कि शोभा का लीवर व किडनी खराब होने के बाद भी आंखों का इलाज किया गया था। रिपोर्ट के आधार पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पीड़ित ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली थी। अधिवक्ता रमेश लोधी ने बताया कि दलील सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष देवी शंकर प्रसाद श्रीवास्तव व सदस्य मनोज देवी ने गंगा अस्पताल की डॉक्टर अर्चना व प्रबंधक अरशद अली पर 9.05 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है।

गैस सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग, मां और दो बच्चे झुलसे थाना क्षेत्र के सनैया जट गांव में सिलेंडर लीक होने के कारण घर में आग लग गई। जिससे मां और दो बच्चे झुलस गए। चीख पुकार पर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से झुलसी महिला और उसके दोनों बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है सनैया जट गांव निवासी नीरज अपने घर पर गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। सिलेंडर से गैस लीकेज होने लगी और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी तरह से फैल गई। खाना पका रही महिला के पास में ही मौजूद उसके पुत्री मोनिका व पुत्र मुकेश को आग ने अपनी आगोश में ले लिया। चीख पुकार पर मौके पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू कर लिया। थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तीनों घायलों को पुलिस वाहन से जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

## दिल्ली के रण में हुंकार भरेंगे अखिलेश यादव, केजरीवाल के साथ करेंगे रोड शो

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आज दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के समर्थन में हुंकार भरते दिखाई देंगे. सपा ने दिल्ली में आप का समर्थन करने का ऐलान किया है जिसके बाद आज वो आप संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ मंच साझा करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर दिल्ली के रिठाला में करीब आठ किमी लंबा रोड शो रोड शो करेंगे. जिसके बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. हालांकि इस रोड शो से पहले ही अखिलेश यादव ये साफ कर चुके हैं कि आप के समर्थन का ये मतलब नहीं है कि वो कांग्रेस पार्टी के विरोध में हैं. उन्होंने कहा कि वो दिल्ली में आप का समर्थन इसलिए कर रहे हैं ताकि आप बीजेपी का मजबूती से मुक. ाबला कर सके. आप के समर्थन में रोड शो करेंगे अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन हैं. कांग्रेस ने मिल्कीपुर में सपा को समर्थन देते हुए अपना प्रत्याशी भी उपचुनाव में नहीं उतारा है. मिल्कीपुर में कांग्रेस सपा के साथ हैं लेकिन दिल्ली में सपा ने कांग्रेस को समर्थन देने की बजाय आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का फैसला किया है. अखिलेश यादव का कहना है कि इसके पीछे की वजह भी बता चुके हैं.अखिलेश यादव का कहना है कि इंडिया गठबंधन का मूल उद्देश्य यही है कि जहां जो दल भी भारतीय जनता पार्टी को हराने में सक्षम हैं उसके साथ खड़ा रहना है. दिल्ली में आम आदमी पार्टी ही बीजेपी के मजबूती से टक्कर दे सकती है. अखिलेश यादव आज दिल्ली पहुंचेंगे और आप के समर्थन में दिल्ली में चुनाव प्रचार करेंगे. सपा अध्यक्ष के अलावा कैराना से सपा सांसद इकरा हसन भी मुस्लिम बहुल सीट पर सपा के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी. इकरा जंगपुरा सीट पर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी.

## गोंडा डंपर से टकराई कुंभ मेले से लौट रही पिकअप, एक श्रद्धालु की मौत,10 घायल

गोंडा, । कुंभ मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गोंडा लखनऊ हाईवे पर भंभुआ पुलिस चौकी के समीप सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मृतक की पत्नी समेत 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।मृतक की पहचान इटियाथोक थाना क्षेत्र के हरदईया भटपुरवा गांव निवासी बृजबहादुर(35) पुत्र राघवराम के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।हादसे में घायल हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि वह सभी लोग कुंभ स्नान के लिए पिकअप वहां पर सवार होकर प्रयागराज गए थे। गोण्डा के लिये निकाला गया था।गोंडा लखनऊ हाइवे पर भंभुवा के समीप पिकअपसड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गयी। इस हादसे मे बृजबहादुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी सुकना समेत पिकअप सवार भागदेई, प्रीती, रामरती, राकेश, कृष्णावती, शिवशंकर, रिंकू , कन्हई व मंजू गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है।

# मत्स्य विभाग की परियोजनाओं के लिए 01 फरवरी से 15 फरवरी से खुलेगा पोर्टल

## प्रषिक्षण एवं अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर विजिट के लिए भी आवेदन आमन्त्रित

अलीगढ़ सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या ने अवगत कराया है वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाईन आवेदन विभागीय पोर्टल ीजजचरूध्ध्पिेमतपमे.नच.हवअ.पद 01 फरवरी 2025 से खोला जा रहा है। आवेदन 15 फरवरी 2025 तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है।उन्होंने यह भी बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग में संचा. लित उ0प्र0 मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर विजिट के लिए इच्छुक मत्स्य पालक या मछुआरों के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन माँगं गये है। अतः इच्छुक मत्स्य पालक मछुआरों अपना आवेदन विभागीय पोर्टल http:f//isheries.up.gov.in पर करें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, 4б9 जॉन्सन कम्पाउण्ड जेल रोड, से सम्पर्क करें।

## किसान बन्धु 04 फरवरी तक कृषि . यंत्रों की करें ऑनलाइन बुकिंग

अलीगढ़ उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि https://agridarshan-up-gov.पद पर वर्ष 2024–25 में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों द्वारा कृषि यन्त्रों की बुकिंग 04 फरवरी 2025 तक की रात्रि 12 बजे तक की जायेगी। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्र जैसे– रोटावेटर, कल्टीवेटर, हैरो, पावर आपरेटेड चौफ कटर, स्ट्रारीपर, कम्बाइन हार्वेस्टर, कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं ग्रामीण उद्यमी फार्म मशीनरी बैंक (एफपीओ) एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल् मैकेनाईजेशन फॉर इन–सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजनान्तर्गत (परियोजना लागत 30 लाख) की कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी, बेलिंग मशीन, हे–रेक, रीपर कम बाइण्डर एवं सुपर सीडर, जिसके लक्ष्य पोर्टल पर विकासखण्डवारः जनपदवार दिखाई देंगे।उन्होंने बताया कि किसान भाईयों द्वारा अपने लैपटॉप, डैस्कटॉप अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर जाने पर किसान कार्नर के पास यन्त्र बुकिंग प्रारम्भ पर जाने के बाद योजना का चयन कर उपलब्धता जॉचे पर जाकर रिर्पोट टाईप में जाकर जिला या ब्लॉक सलेक्ट करें इसके पश्चात बुकिंग प्रकार में जाकर लॉटरी पर क्लिक कर कृषि यन्त्र को सलेक्ट कर कृषि यन्त्रों की बुकिंग कर योजना का लाभ उठायें।

## महापौर प्रशांत सिंघल ने अपना वादा निभाया– बहु प्रतीक्षित नगर निगम सदन के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

महापौर पद की शपथ लेने के बाद अलीगढ़ में माननीय पार्षदों के बैठने और सुगमता से नगर निगम बोर्ड अधिवेशन कार्यकारिणी बैठक के आयोजन के लिए नए सदन के निर्माण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले महापौर प्रशांत सिंघल के सार्थक प्रयासों के फल स्वरुप अलीगढ़ नगर निगम द्वारा अपने जवाहर भवन में पुराने सदन के बराबर स्थित भूखंड पर नए आधुनिक सुविधाओं से लैस 13 करोड़ 50 लाख की लागत से अलीगढ़ सदन का के निर्माण शुरू हो गया है।शुक्रवार को महापौर प्रशांत सिंघल एमएलसी तारिक मंसूर नगर आयुक्त विनोद कुमार अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव व समस्त पार्षदों की मौजूदगी में भव्य आयोजन के साथ नए सदन के निर्माण का भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम जवाहर भवन में हुआ। इस अवसर पर महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा दृढ़ संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति से किसी कार्य को यदि किया जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है नया सदन इसी का एक परिणाम है इस बोर्ड के कार्यकाल की एक स्वर्णिम उपलब्धि नया सदन है नए सदन में लिए जाने वाले हर निर्णय ऐतिहासिक होंगे।एमएलसी तारिक मंसूर ने नए सदन के निर्माण पर महापौर और सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा नया सदन अलीगढ़ का लैंडमार्क होगा।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा नये सदन का निर्माण माननीय महापौर जी की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है नया सदन बन जाने से माननीय पार्षदों के बैठने की व्यवस्था सुगम बनेगी साथ ही साथ महापौर कार्यालय, सचिव सचिवालय की कार्यप्रणाली भी प्रभावी बनेगी।उन्होंने नए सदन के बारे में बताया कि जवाहर भवन मे सदन भवन कार्यकारिणी मीटिंग हॉल माननीय महापौर कार्यालय पार्षदगणो हेतु कक्ष का निर्माण मे प्रागण के प्लाट का क्षेत्रफल 4111.82 वर्ग मी. जिसमे बिल्ट अप एरियारू ग्राउंड फ्लोर 1216.03 वर्ग मी. फर्स्ट फ्लोर 1052.22 वर्ग मी.सेकेण्ड फ्लोर 551.67 वर्ग मी. कुल बिल्ट अप एरिया 2268.25 वर्ग मी. हैउन्होंने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर मा. महापौर कार्यालय मय अटैच टॉयलेट एंट्री रूम, कार्यकारिणी मीटिंग हॉल जिसकी क्षमता 30 व्यक्ति, 2 पार्षद कक्ष जिसकी क्षमता 44,22 पार्षद प्रत्येक कक्ष, पेंट्री, वेटिंग एरिया, पुरुष एवं महिला टॉयलेटउन्होंने बताया कि फर्स्ट फ्लोर पर सदन भवन (डबल हाइटिड ) जिसकी क्षमता 200 व्यक्ति, ओपन लॉंज, लॉंज फॉर महापौर एवं नगर आयुक्त मय अटैच टॉयलेट,पेंट्री, टॉयलेट पुरुष एवं महिला उन्होंने बताया कि सेकेण्ड फ्लोर पर 2 पार्षद कक्ष जिसकी क्षमता 46 (2917) व्यक्ति,टॉयलेट पुरुष एवं महिला साथ ही साथ परिसर मे 2 लिफ्ट का भी प्राविधान किया गया है ये रहे मौजूद नगर निगम सदन भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में माननीय पार्षदगण पुष्पेंद्र कुमार जादौन दिनेश जादौन योगेश सिंघल अनिल कुमार सेंगर राकेश ठाकुर संजय पंडित असलम नूर स्नेह सिंह बघेल मो. हम्मद हाफिज अब्बासी नीलाफेर दीपू शर्मा उस्मान जीनस मोहम्मद नदीम खां हरीश कुमार मुशर्रफ हुसैन नूर अब्बासी नसरीन खालिदा तबस्सुम आसिया आसिफ शाहिद अली योगेंद्र पाल सिंह उम्मेद आलम नईम अहमद भूपेंद्र सिंह संजीव कुमार शाहिन सुभाष शर्मा राज बहादुर आमना बेगम छोटेलाल शर्मा आराधना मित्तल मोहम्मद गुलजार हारून अब्दुल मूतलिब बॉबी कुमार सुनील कुमार राजकुमार योगेश पवन कुमार नरेंद्र कुमार सैनी दिनेश भारद्वाज हरिशंकर सुरेंद्र प्रताप विनीत कुमार स्वर्णलता वार्ष्णेय निरंजन सिंह मोहम्मद शाकिर इमरान खां मनोज कुमार विमलेश सिंह रीनू सैनी लाल सिंह अंशु अग्रवाल पार्वती देवी वीनेश नसी अहमद दिनेश कुमार केला देवी आजाद सिंह महावीर सिंह अगन लाल विनोद कुमार करन सूरज हरिओम व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी में मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल सहायक अभियंता राजवीर सिंह, सिब्ते हैदर, दानिश नकवी, संजय सक्सेना विजय गुप्ता देश दीपक अहसान रब प्रदीप भंडारी, संजय कुमार तरुण शर्मा सतीश आदि मौजूद थे।



## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति के साथ ही जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025–26 में विभाग. वार निर्धारित की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगभग 34 लाख 38 हजार पौधे रोपित किए जाने हैं। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप अन्त. र्विभागीय समन्वय से स्थल चयन कराते हुए पौध तैयार कराने के निर्देश दिए। डीएम ने पर्यावरण अनुश्रवण पोर्टल पर नोडल विभागीय अधिकारियों द्वारा मार्च 2024 से अद्यतन सूचनाएं अपलोड न करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने नगर निगम, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को पोर्टल पर ससमय अद्यतन सूचनाएं अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग खराब न हो इसके लिए सभी विभाग अन्त. र्विभागीय समन्वय से अपना कार्य समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक में पर्यावरणविद् सुबोध नन्दन शर्मा ने काली नदी में प्रदूषण एवं उसके दुष्परिणाम की ओर जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण कराते हुए बताया कि काली नदी अलीगढ़ के साथ ही अन्य कई जिलों से होकर गुजरती है। नदी में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों के साथ ही इसके आस–पास की भूमि भी खराब हो रही है। प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारण चीनी मिलों का अपशिष्ट है। उन्होंने प्रदूषण को कम किए जाने के लिए नदी के किनारों पर नीम के पौधों का सघन वृक्षारोपण कराने का सुझाव दिया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वृक्षारोपण के दौरान इसे प्रमुखता से शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में शेखा झील की साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया कि जलकुंभी की इस प्रकार सफाई कराई जाए कि इसकी कोई जड़ झील में न रहे, अन्यथा की स्थिति में इसके पुनः उगने की संभावना बनी रहती है।जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक में डीएफओ ने बताया कि जिले में अतरौली तहसील में लगभग 12 किलोमीटर क्षेत्र में गंगा नदी बहती है, गंगा के किनारे 12 गॉव आते हैं। डीएम ने कहा कि गंगा को अविरल एवं निर्मल रखने में स्थानीय निवासियों को प्रोत्साहित कर उनका सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करें। ठोस एवं द्रव्य अपशिष्ट पदार्थों को यूं ही नदियों में न बहाकर जल को गंदा होने से सुरक्षित रखें। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को गंगा की सुरक्षा के लिए संबंधित ग्रामों में मनरेगा से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में रोपित पौधों की जीवितता सु. निश्चित कराने के लिए उनकी निरंतर देखभाल कराई जाए।बैठक में डीडीओ आलोक आर्य, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, डीएलसी सियाराम, सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी, सहायक आयुक्त उद्योग बृजेश कुमार समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रात भर पुलिस की गश्त, दो दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना, कूमल लगाकर की चोरी

दादों के आलमपुर चौराहा स्थित इलेक्ट्रिक और टायर पंचर की दुकान में कूमल लगाकर चोर सामान चुराकर ले गए। इस चौराहे पर पुलिस की रात भर गश्त रहती है, इसके बावजूद दो दुकानों में चोरी होने पर लोग पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।छर्रा क्षेत्र के गांव धनसारी निवासी सतीश कुमार की आलमपुर चौराहे पर इलेक्ट्रिक वर्क्स की दुकान है। 31 जनवरी की सुबह उन्होंने दुकान खोली तो साइड की दीवार पर कूमल लगा था। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का सामान दुकान से चोर ले गए हैं। दो साल पहले भी इसी तरह कूमल लगाकर चोर काफी सामान ले जा चुके हैं। वहीं गांव ततारपुर निवासी पप्पू के अनुसार उनकी टायर पंचर की दुकान पर कूमल लगाकर चोर हजारों रुपये कीमत का सामान चुराकर ले गए हैं।

## गंगीरी मारपीट मामले में 14 आरोपियों को चार साल की सजा

थाना गंगीरी क्षेत्र में 2018 में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में एडीजे–17 रवीश कुमार अत्री की अदालत ने दोनों पक्षों के 14 लोगों को दोषी ठहराते हुए चार–चार साल की सजा सुनाई है। पहले पक्ष के मुनेश ने आरोप लगाया था कि 7 दिसंबर 2018 को सुबह मान सिंह, राजाराम, सुभाष समेत अन्य लोगों ने घर में घुसकर हथियारों से हमला किया। वहीं, दूसरे पक्ष के शिशुपाल सिंह ने नत्थू सिंह, मुकेश कुमार, मुनेश कुमार और अन्य पर धारदार हथियार और ईंट–पत्थरों से हमला करने का आरोप लगाया था। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दोनों पक्षों को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

## फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

मंगलायतन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा बीसीए व एमसीए के विद्यार्थियों की फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान नवप्रवे. शित विद्यार्थियों का सीनियर ने स्वागत किया। कार्यक्रम में किसी ने गीत सुनाया तो किसी ने नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। विभागाध्यक्ष डा. जावेद वसीम के साथ प्रो. प्रमोद शर्मा, डा. विकास शर्मा, डा. अर्शी मलिक, गोपाल राजपूत ने शुभक. ामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। मिस फ्रेशर स्तुति, मिस्टर फ्रेशर शिब्बू, मिस्टर रैंप वाकर रोहित, मिस ब्यूटीफुल प्रियंका, मिस्टर हैंडसम पारस, मिस्टर इवनिंग भूपेंद्र को चुना गया। सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संचालन श्रेया, अनमोल, श्रष्टि, पारस, अंजली, भूमिका ने किया। इस अवसर पर डा. लुबना अंसारी, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक गर्ग, शिवेंद्र वार्ष्णेय, ललित वार्ष्णेय, सोनू शर्मा, दिव्या माहेश्वरी, शिवानी वार्ष्णेय, डा. अंकुर कुमार, अर्शील नूर, लव मित्तल, अमित उपाध्याय, डा. सौरभ मिश्रा, हिमांशु शर्मा, डा. भारतेन्दु, दिलीप कुमार आदि थे।


**पीड़ित ध्यान दें**
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देना आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।
**मो. 8218049162**
email: jannayaksamratagarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com


## खतरे में जान घरों की छतों से गुजर रही हाईटेंशन लाइन, डर के साए में जीने का मजबूर गोविंद नगर के लोग

अलीगढ़ शहर के रावणटीला सब स्टेशन से जुड़े गोविंद नगर कॉलोनी के नागरिक डर के साए में जीने को मजबूर हैं। यहां कई घरों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन के साथ ही बंच केबिल गुजर रही है और आए दिन हादसे हो रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बंदर इस लाइन पर दिन भर झूलते रहते हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बनवारी लाल शर्मा, सत्यपाल सिंह, सुभाष सिंह, ऋषिपाल सिंह, रामपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, बलराम सिंह, मुकेश कुमार, कैलाश सिंह, जय भगवान गौड़ आदि ने बताया कि रावणटीला फीडर से 11 केवीए की लाइन बाईपास के लिए क्रॉस की गई है। इस लाइन के नीचे पूरा गोविंद नगर बसा है। जिसमें कई बार तार टूटने व घरों की छतों से नीचे तार आने की वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं। आरोप है कि लाइन स्थानांतरित करने के लिए गोविंद नगर वासियों ने काफी प्रयास किए हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी व कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं । उन्होंने बताया कि यहां विद्युत लाइन काफी पुरानी व जर्जर हालत में आ पहुंची है। कुछ मकानों की एक मंजिला छत से काफी कम ऊंचाई पर तार झूल रहे हैं। कई बार इनकी चपेट में आकर लोग झुलस रहे हैं। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता नगरीय पीए मोगा ने बताया कि इस प्रकरण में जांच कराकर समस्या समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### नगर निगम अलीगढ़ को मिली नए सदन की सौगात स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्मित किया जाएगा नया सदन

अलीगढ़ । अलीगढ़ जनपद के नगर निगम के पार्षदों द्वारा काफी लंबे समय से नए सदन की मांग की जा रही थी जो कि अब जाकर पूरी हुई है अलीगढ़ नगर निगम को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नया सदन बनाने की सौगात मिली है. लगभग 1992 से इस नए सदन की मांग की जा रही थी. यह नया सदन स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्मित किया जाएगा. जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली और अधिक मजबूत व्यवस्थित होगी. इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा 14 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है.हालांकि भविष्य में इस बजट में वृद्धि की संभावना बनी हुई है.अलीगढ़ नगर निगम के नगर आयुक्त विनोद कुमार और महापौर प्रशांत सिंघल ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित सदन की नींव रखी. इस दौरान शहर के सभी पार्षदगण और नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे. इस अवसर पर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं. उसी क्रम में अलीगढ़ को यह नया सदन प्राप्त हुआ है.नए सदन बनाने की सौगातउन्होंने कहा कि नवीन सदन के निर्माण से नगर निगम की कार्यक्षमता में सुधार आएगा और जनता को अधिक सुविधाएं मिलेंगी. इस स्मार्ट भवन में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा. जिससे निगम के कार्यों में पारद. र्शिता भी बढ़ेगी. नगर आयुक्त ने आगे बताया कि यह परियोजना अलीगढ़ के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में इससे शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो.नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, इस नवनिर्मित सदन में आधुनिक सभागार, तकनीकी रूप से बेहतर और सुंदर कार्यालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं होंगी, जिससे पार्षदों और अधिकारियों को नगर की योजनाओं और समस्याओं पर अधिक प्रभावी ढंग से चर्चा करने का अवसर मिलेगा. इसके अलावा, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इस भवन को पर्यावरण–अनुकूल और ऊर्जा–संवर्धन तकनीकों के साथ तैयार किया जाएगा.14 करोड़ रुपये का बजट

अलीगढ़ महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि वर्तमान में 14 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है. लेकिन जरूरत पड़ने पर इसमें वृद्धि की जाएगी. उन्होंने विश्वास जताया कि यह नया सदन नगर निगम के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएगा और नगर वासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा. इस मौके पर उपस्थित पार्षदों और अन्य अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे शहर के विकास में एक बड़ा

# अमांपुर कस्बे में एमआरएफ सेंटर का शुभारंभ, कूड़े का होगा निस्तारणय आय भी बढ़ेगी

कासगंज के अमांपुर कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत के द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिए मोहनपुर रोड पर बनाए गए एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी) सेंटर का शुभारंभ बृहस्पतिवार को चेयरमैन चांद अली खान और ईओ विनय कुमार शुक्ला ने फीता काटकर किया।सेंटर पर एकत्रित कूड़े को अलग–अलग किया जाएगा। चेयरमैन चांद अली खान ने बताया कि एमआरएफ सेंटर शुरू होने से नगर पंचायत की आय भी बढ़ेगी। साथ ही प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े का भी निस्तारण हो सकेगा। ईओ विनय कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच स्वच्छ भारत मिशन को हम कामयाब बनाएंगे। लिपिक गोपाल कृष्ण शर्मा, मुकेश बाबू, अभिजात द्विवेदी, सफाई निरीक्षक चरन सिंह, ओमकार यादव, सफाई नायक दिनेश कुमार मौजूद रहे।

## कासगंज के केए कॉलेज में तृतीय श्रेणी की भर्तियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया

कासगंज के केए कॉलेज में तृतीय श्रेणी की भर्तियों में बड़े पैमाने पर अनियमित. ताओं का मामला सामने आया है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने अपने चहेते उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के लिए पूरी भर्ती प्रक्रिया में धांधली की है।भर्ती प्रक्रिया में पहली अनियमितता विज्ञापन को लेकर सामने आई। अभ्यर्थी अंकित शर्मा और अभय कुमार के अनुसार, कॉलेज ने भर्ती का विज्ञापन गुपचुप तरीके से केवल सोशल मीडिया पर जारी किया। साक्षात्कार और टंकण परीक्षा के लिए सभी आवेदकों को एक पूर्व निर्धारित तिथि वाला गेट पास दिया गया। सबसे बड़ी अनियमितता परीक्षा में की गई। कॉलेज प्रशासन ने मानक टाइपिंग सॉफ्टवेयर की बजाय एम.एस. वर्ड का प्रयोग किया। जिससे परीक्षा के बाद टाइपिंग शीट में बदलाव किया जा सके। सेवा योजन कार्यालय के किसी टाइपिंग विशेषज्ञ की निगरानी में परीक्षा नहीं कराई गई। केवल औपचारिकता के लिए मोबाइल से रिकॉर्डिंग की गई।चयन प्रक्रिया में गठित पैनल भी अधूरा था और कई सदस्य अनुपस्थित थे। अब सभी अभ्यर्थियों ने समाजवादी पार्टी के विधायक के साथ मिलकर जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एटा–एसएसपी एटा द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास,साथ ही पुलिस लाइन परिसर का मुआयना कर साफ सफाई हेतु सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

एटा में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों ने बड़ी संख्या में धरना स्थल पर एकत्रित होकर अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त) को जिलाधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

एटा में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों ने बड़ी संख्या में धरना स्थल पर एकत्रित होकर अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त) को जिलाधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ठगी पीड़ित जमाकर्ता संगठन के उपजिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पीड़ितों ने अपनी जमा पूंजी वापसी की मांग की। राजकुमार सिंह ने बताया कि एडीएम वित्त कार्यालय में जमाकर्ताओं के लिए स्थापित विशेष पटल पर हजारों पीड़ितों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार के सदस्य राघवेंद्र सिंह सोलंकी के अनुसार, 2014 में मोदी सरकार ने बिना उचित विचार–विमर्श के कई कंपनियों को बंद कर दिया, जिससे जमाकर्ताओं और कंपनी कर्मचारियों की रकम फंस गई।प्रदर्शनकारियों ने पर्ल्स, सहारा, कल्पतरु जैसी कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों से जमाकर्ताओं का पैसा वापस करने की मांग की। मंडलायुक्त अलीगढ़ के आदेश का हवाला देते हुए पीड़ितों ने आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। पूर्व में भी कई बार ज्ञापन देने के बावजूद जमा. कर्ताओं को उनकी रकम वापस नहीं मिल सकी है। संगठन लगातार पीड़ितों के हितों के लिए संघर्षरत है।वित्त के यहां रकम वापिसी के लिए फार्म भी जमा कराए जा चुके है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। हाल में ही आई ए एस अरुण कुमार ने एक आदेश जारी किया है उस आदेश के का अनुपालन कराने के लिए हम लोग आज अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त को ज्ञापन सौंपने आए हैं।

## कासगंज भाजपा नेता ने केए कॉलेज . में हुई नियुक्तियों में लगाया धांधली का आरोप



कासगंज, । केए कॉलेज में फर्जी नियुक्ति का आरोप लगा है। इस संबंध में नगरिया के भाजपा मंडल अध्यक्ष ने डीएम को मांग पत्र सौंपकर जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मानकों को ताक पर रखकर कॉलेज के कर्मचारियों ने अपने चहेतों को मनमाने रूप से नौकरियां दी हैं। जिससे शैक्षिक कर्मचारियों के अरमानों पर पानी फिर गया है।भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को शिकायती पत्र देते हुए बताया केए कॉलेज कासगंज में तृतीय श्रेणी संवर्ग में आठ कर्मचारियों के पद खाली थे। जिसका कॉलेज द्वारा विज्ञापन भी गुपचाप तरीके से अखबार में प्रकाशन किया गया था। जिसकी पूर्व में शिकायत भी की गई थी, शिकायत के आधार पर उस समय कॉलेज द्वारा साक्षात्कार टंकड़ परीक्षा को स्थगित की व्हाटसएप द्वारा दी गई थी, लेकिन इसी बीच कॉलेज प्रशासन के चहेते अभ्यर्थियों को बुलाकर सॉफ्टवेयर पर न कराकर एमएस वर्ल्ड पर परीक्षा करा दी गई। परीक्षा के दौरान टाइपिंग शीट भी बदलवा दी गई। यह परीक्षा टंकड़ परीक्षा सेवायोजन कार्यालय के किसी भी टाइपिंग एक्सपर्ट की निगरानी में नहीं हुई है। सिर्फ औपचारिकता के लिए मोबाइल फोन से रिकॉर्डिंग कर ली गई है। यह नियुक्ति पूरी तरह से फर्जी है। अधिकांश कॉलेज प्रशासन के चहेते लोग हैं। इसकी दोबारा से जांच कराई जाए। डीएम ने मांग पत्र विचार करते हुए शिकायत कर्ता को उच्चस्तरीय जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है।कॉलेज प्रबंधन ने भी रखा अपना पक्ष उधर पूरे मामले पर कॉलेज की तरफ से भी अपना पक्ष रखा गया है। केए कॉलेज के प्रचार्य अशोक रस्तोगी ने बताया कि नियुक्ति से संबंधित विधिवत अखबार में विज्ञापन जारी हुआ था। विज्ञापन को लेकर शिकायत की गई थी। शासन स्तर से जांच हुई। जांच में विज्ञापन और चयन प्रक्रिया को सही पाया गया। शासन द्वारा नियुक्ति की अनुमति मिली, तदोपरांत कार्यभार ग्रहण कराया गया है।

## शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वाले दो . लोगों को किया सम्मानित



एटा। दो शस्त्र धारकों ने स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए हैं। दोनों को डीएम ने शुक्रवार को सम्मानित किया।जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने का आह्वान किया है। इससे लोग लगातार जुड़ रहे हैं। 70 लोग अपने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करा चुके हैं। सभी के नाम डीएम कार्यालय में लगाए गए बोर्ड पर दर्ज किए जा रहे हैं। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के शिवपुरी निवासी विजय कुमार वार्ष्णेय एवं आंबेडकर नगर निवासी कुंवरपाल सिंह ने भी लाइसेंस निरस्त कराया है। इन दोनों को शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बुलाकर डीएम प्रेम रंजन सिंह ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि तमाम ला. इसेंसधारक ऐसे हैं जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं और घर में शस्त्र अनावश्यक रखा हुआ है। इस तरह के लोग स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त करा सकते हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

## यूपी रोडवेज को नहीं मिल रहे बस चालक, तीन महीने में 13 ड्राइवरों ने दिया इस्तीफा

कासगंज परिवहन निगम में चालक की नौकरी करने पर मेहनत से कम मे. हनताना मिलने से संविदा चालकों का नौकरी से मोह भंग हो रहा है। तीन महीने में 13 चालकों अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चालकों की कमी को दूर करने के लिए निगम हर महीने भर्ती प्रक्रिया चला रहा है, लेकिन चालक नहीं मिल पा रहे।कासगंज डिपो के बेड़े में निगम की अपनी 52 बसें हैं। आ. उटसोर्सिंग के माध्यम से निगम के पास इस समय कुल 118 चालक हैं। जबकि नीलाम कर दी गई बसों के स्थान पर 12 नई बसें और मिलनी हैं। परिवहन निगम चालकों की समस्या से जूझ रहा है।निगम को संविदा पर चालक नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में बसों का संचालन करने में डिपो को दिक्कतें हो रही हैं। दिन–रात सेवा देने वाले चालकों की शिफ्टवार ड्यूटियां लगाई जाती हैं। लंबी दूरी की बसों का संचालन तो जैसे–तैसे हो जाता है, लेकिन लोकल रूट की बसों अमूमन एक चक्कर ही चलाया जा रहा है। निगम चालकों कमी को पूरा करने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से कैंप लगाकर चालक भर्ती की प्रक्रिया कर रहा है।

## नहर में लगाई जिसने छलांग उसका नहीं लगा सुराग

एटा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में जाबड़ा पुलिस चौकी के पास बुधवार को एक आरओ मिस्त्री बाइक को किनारे खड़ा करके हजारा नहर में कूद गया। शुक्रवार को पुलिस के साथ ही पीएसी की टीम तलाश में जुटी रही। उसका सुराग नहीं लगा। जबकि उसी स्थान पर कहीं से बहकर आया एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।जाबड़ा पुलिस चौकी के पास बुधवार को हिम्मतपुर बंबा के किनारे गांव नगला पूठ निवासी आरओ मिस्त्री अंकित ने बाइक खड़ी की और हजारा नहर में छलांग लगा दी। पास में पशु चरा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने शोर मचाया, मगर आसपास कोई न होने के कारण डूबते हुए मिस्त्री को नहीं निकाला जा सका। बृहस्पतिवार को परिजन ने थाना कोतवाली नगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब बंबा के पास बाइक खड़ी मिली तो पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने बृहस्पतिवार के बाद शुक्रवार को भी गोताखोरों की मदद से जब अंकित को खोजना शुरू किया, तो वह नहीं मिला। शुक्रवार सुबह से ही पीएसी और एनडीआरएफ की टीम स्टीमर लेकर मौके पर पहुंची और खोजबीन करती रही। मगर देर शाम तक सफलता नहीं मिल सकी। वहां बहकर आया एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। जिसको शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम पर मोर्चरी में रखवा दिया गया है।सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि तलाश में टीमें लगी हुईं हैं, जल्द ही पता लगने की उम्मीद है।

## कासगंज ओटीपी साझा और अनचाहे लिंक पर . क्लिक करने की गलती भूलकर भी न करें



सोरों, । एनआर पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को ऑनलाइन हो रही धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूक किया गया। वहीं बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।एसआई साइबर क्राइम अतुल कुमार ने इंटरनेट का सही इस्तेमाल करने और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मजबूत पा. सवर्ड बनाएं, अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर बात न करें। किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। किसी को अपनी डिटेल्स न दें। ओटीपी को साझा न करें और अनचाहे लिंक पर क्लिक न करें। छात्र–छात्राओं ने साइबर क्राइम से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान अधिकारियों ने किया। एसआई साइबर क्राइम शशिकांत यादव ने कहा कि साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विद्यालय प्रबंधक डॉ. विवेक कुमार राजपूत ने कहा कि बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी होना बहुत जरूरी है, ताकि वे डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। संचालन शिक्षक कुलदीप शर्मा ने किया।इस दौरान योगेश सिंह, आरती सोलंकी, मोह प्रकाश, अमित उपाध्याय, जतिन जौहरी, भूपेंद्र कुमार, शिवम वशिष्ठ, श्वेता सिंह, दीपक पाराशर, नीरज कुमार, हरवीर सिंह, अंकुर गौड़, अवधेश कुमार, सपना गौड़, सोनम दयाल, विश्वनाथ मौर्य, संदीप, राहुल, अनीता, राजीव तिवारी, सुमन वर्मा, गीतिका दीक्षित, लाइवा फरीदी आदि मौजूद रहे।

**पुलिस अधीक्षक कसगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक**



कासगंज राजेश कुमार भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मेंथाना सा. `रों पर पंजीकृत बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त पिन्टू उर्फ गौतम पुत्र अशोक तिवारी निवासी मौहल्ला चौधरियान थाना सोरों जनपद कासगंज को क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में मेला ग्राउन्ड सोरों से देर रात्रि गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, अभि0 की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमंचा,01 खोका व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

## कासगंज बारात का आने का इंतजार कर रहे थे लेकिन पहुंची पुलिस

कासगंज, अमृत विचार। कोतवाली ढोलना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग कन्या के विवाह किए जाने की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम सक्रिय हो गई। जहां कन्या के विवाह के लिए बारात का इंतजार हो रहा था, वहां पुलिस पहुंच गई और शादी को रुकवा दिया।ढोलना क्षेत्र के गांव में नाबालिग कन्या का विवाह कराए जाने की जानकारी उपजिलाधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद जोशी को मिली और चाइल्ड हेल्पलाइन जिला कोऑर्डिनेटर सौरभ यादव को मिली। जिस पर सक्रियता दिखाते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर सौरभ यादव, प्रभारी एएचटी सरिता तोमर, सब–इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंच गए। नाबालिग के परिजनों से उसकी आयु के बारे में पूछताछ की गई। इसके बाद बालिका के शैक्षणिक दस्तावेजों को मांगा गया और जांच के बाद पुष्टि हुई कि बालिका नाबालिग है। टीम के सदस्यों ने परिजन को बताया कि नाबालिग का विवाह नहीं कराया जा सकता है। टीम के द्वारा बालिका को वन स्टॉप सेंटर को भेज दिया। चाइल्ड हेल्प लाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने बालिका को वन स्टॉप सेंटर भेजा। वहां से उसे शनिवार की सुबह बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। जहां से जो भी निर्देश मिलेंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिढपुरा एटा मार्ग पर तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवार युवक को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई

कासगंज, । सिढपुरा एटा मार्ग पर तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवार युवक को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया है।पटियाली थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी 19 वर्षीय रविंद्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह जोकि दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वह गुरुवार की सुबह दिल्ली से बाइक लेकर गांव आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक चांदपुर गांव के समीप पहुंची, तभी सिढपुरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने सामने से टक्कर मार दिया। जिससे बस का टायर उसके ऊपर से निकल गया। रविंद्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। वह भी पहुंच गए। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना को अंजाम देकर चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर दिनेश ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर बस को कब्जे में ले लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# जया एकादशी, जानें सही तिथि और पारण का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा और व्रत का आयोजन किया जाता है. यह मान्यता है कि एकादशी का व्रत करने से भक्तों को श्री हरि विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है. इसके साथ ही, यह व्रत जीवन के सभी दुखों और संकटों को दूर करने में सहायक होता है. विशेष रूप से, माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी के रूप में मनाया जाता है.हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना जाता है,वहीं हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर व्रत रखने का विधान होता है,साथ ही इस दिन जगत के पालनहार भगवान श्री हरि और मां लक्ष्मी की पूजा आराधना की जाती है, साथ ही जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए एकादशी व्रत को बेहद शुभ माना जाता है, इस साल जया एकादशी का व्रत 8 फरवरी को रखा जाएगा.ऐसी मान्यता है कि माघ माह की जया एकादशी व्रत को करने से विष्णु जी की कृपा से सुख–समृद्धि का फल प्राप्त होता है.वैदिक पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का शुभ आरंभ 07 फरवरी को रात 09 बजकर 27 मिनट पर हो रहा है, साथ ही एकादशी तिथि का समापन 08 फरवरी को रात 08 बजकर 14 मिनट पर होगा, ऐसे में उदयातिथि को आधार मानते हुए जया एकादशी का व्रत पूजा अर्चना 08 फरवरी को रखाना शुभ होगा. जया एकादशी का शुभ मुहूर्तब्रह्म मुहूर्त दृ सुबह 05 बजकर 21 मिनट से 06 बजकर 13 मिनट तक रहेगा विजय मुह. ूर्त दृ दोपहर 02 बजकर 26 मिनट से 03 बजकर 10 मिनट तक रहेगा गोधूलि मुहूर्त दृ शाम 06 बजकर 03 मिनट से 06 बजकर 30 मिनट तक रहेगाजया एकादशी 2025 पारण शुभ मुहूर्त वैदिक पंचांग के अनुसार, एकदाशी व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि को किया जाता है. ऐसे में जया एकादशी व्रत का पारण रविवार 09 फरवरी को होगा. वहीं पारण के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 07 बजकर 4 मिनट से लेकर 09 बजकर 17 मिनट तक होगा. इस दौरान व्रत का पारण करना शुभ होगा.जया एकादशी का महत्व जया एकादशी का व्रत भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का समर्पित होता है. ऐसी मान्यता है कि इस उपासना को करने से व्यक्ति के जीवनमे रोग से मुक्ति मिलती हैं और अरोग्य की प्राप्ति होती है. साथ ही इस व्रत से आपको पापों से मुक्ति का वरदान मिलता है और व्यक्ति बैकुंठ धाम प्राप्त करता है. इसके अलावा जया एकादशी के नाम से ही पता चलता है कि यह व्रत व्यक्ति को सभी कार्यों में विजय और उन्नति प्राप्त कराता हैं.

## गणेश जयंती, विशेष मंत्रों का करें जाप, कार्यों में आ रही बाधाएं होंगी दूर

भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है. हर मांगलिक कार्य से लेकर धार्मिक अनुष्ठानों तक गणेश जी को सबसे पहले पूजा जाता है, इनके बाद बाकी सभी अन्य देवताओं की पूजा होती है. वहीं घरों में भी गणपति जी का वास बहुत अधिक महत्व रखता है, क्योंकि इन्हें विघ्नहर्ता कहते हैं और माना जाता है कि जिस घर में भगवान गणेश का वास होता है वहां सदैव बरकत बनी रहती है.भगवान गणेश के निमित्त कई लोग बुधवार का व्रत रखते हैं तो कई हर माह में पड़ने वाली गणेश चतुर्थी का व्रत रखते हैं. वहीं माघ माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली चतुर्थी तिथि को गणेश जयंती मनाई जाती है, कई लोग इसे माघी गणेश जयंती भी कहते हैं. इस दिन का बहुत अधिक महत्व माना जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश जी का अवतरण हुआ था, तो इसे उनके अवतरण दिवस के रुप में मनाते हैं. गणेश जयंती के दिन बप्पा का आशीर्वाद पाने के लिए व्रत–पूजा के साथ मंत्रों का जाप करने का भी विधान है. आइए जानते हैं भोपाल निवासी पंडित रमाकांत मिश्रा से कि इस दिन किन मंत्रों का जाप शुभ फलदायी माना जाता है.गणेश जयंती तारीख, मुहूर्त और मंत्र जापमाघ महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 1 फरवरी को सुबह 11 बजकर 38 मिनट पर प्रारंभ होगी और 02 फरवरी को सुबह 09 बजकर 14 मिनट पर समाप्त हो जाएगी. वहीं गणेश चतुर्थी 1 फरवरी को मनाई जाएगी और इस दिन पूजा का मुहूर्त सुबह 11 बजकर 38 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट तक रहेगा.

## नवजात की मौत पर आखिर क्यों नहीं किया जाता दाह संस्कार, जानिए क्या कहता है गरूड़ पुराण?

मधुबनीरू– कहते हैं कि शरीर भले ही मर जाए, लेकिन आत्मा अमर होती है. इसीलिए हमारी संस्कृति यानी कि सनातन संस्कृति में मृत्यु के बाद शरीर को जलाने का विधि विधान है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि किसी नवजात शिशु की मौत के बाद उसे जलाने की जगह दफनाया क्यों जाता है, तो चलिए इस विषय पर शास्त्र और पुराण क्या कहता है, आज लोकल 18 आपको बताने वाला हैक्या कहता है पुराण ?ज्योतिष सह पंडित गिरधर झा बताते हैं कि गरुड़ पुराण के अनुसार, यदि किसी महिला के बच्चे की मृत्यु पेट में यानि जन्म से पूर्व हो जाए या फिर उसकी आयु दो साल से कम हो, तो उसे जलाने की जगह दफनाया जाता है. पुराण कहता है कि इसका कारण यह है कि जब शिशु जन्म लेता है, उस दौरान उसके अंदर लगाव भाव नहीं होता, जिसे मोहमाया कहा जा सकता है. इसके ना होने की वजह से अगर शिशु की मृत्यु हो जाती है, तो आत्मा शरीर से आसानी से दूरी बनाने में सफल रहती है. ऐसे में उसके बदले कुछ और होता है, वह है कि आप दूसरी विधि अपना सकते हैं. जो भी क्रिया होती है, वह सब एक जैसा ही होती है. दरअसल मृत शिशु के शरीर को भूमि में गड्ढा खोदकर उसमें गाड़ देना चाहिए अथवा जल में प्रवाहित कर देना चाहिए.सनातन संस्कृति और गरुड़ पुराण के अनुसार पंडित गिरधर झा स्वबंस 18 को बताते हैं कि आत्मा का जुड़ाव व्यक्ति के साथ होता है. ऐसे में जब तक व्यक्ति का स्वरूप जीवित रहता है, शरीर धरती पर रहती है. उसके बाद आत्मा उससे जुड़ाव करने की कोशिश करती है. ऐसे में दाह संस्कार के बाद आत्मा प्रवेश नहीं कर पाती. हालांकि नवजात का आत्मा के साथ मोह नहीं बंध पाया होता है, इसलिए उसे दफनाया जाता है.

## बसंत पंचमी से लेकर महाशिवरात्रि तक, फरवरी के व्रत त्योहार की लिस्ट देखें

फरवरी का महीना बेहद शुभ व्रत से शुरू होता है. इस साल फरवरी माह के अंत तक महाकुंभ भी रहेगा. इसलिए इस महीने में आने वाले व्रत–त्योहार का महत्व दोगुना बढ़ गया है, क्योंकि विशेष फरवरी में विशेष तिथियों पर महाकुंभ का अमृत स्नान किया जाएगा.फरवरी माह में बसंत ऋतु की शुरुआत हो जाती है. सरसों की फसलें खेतों में लहराती हैं. पेड़–पौधों में नई कोपलें फूटती हैं. प्रकृ ति खेतों को पीले–सुनहरे रंगों से सजा देती है. वहीं व्रत त्योहार की बात करें तो फरवरी में बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, माघ पूर्णिमा, जया–विजया एकादशी आएंगे.फरवरी व्रत त्योहार 2025 1 फरवरी 2025 – विनायक चतुर्थी2 फरवरी 2025 – बसंत पंचमी4 फरवरी 2025 – नर्मदा जयंती8 फरवरी 2025 – जया एकादशी9 फरवरी 2025 – प्रदोष व्रत12 फरवरी 2025 – माघ पूर्णिमा व्रत, कुंभ संक्रांति, गुरु रविदास जयंती13 फरवरी 2025 – फाल्गुन माह शुरू16 फरवरी 2025 – द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी 20 फरवरी 2025 – शबरी जयंती21 फरवरी 2025 – जानकी जयंती24 फरवरी 2025 – विजया एकादशी25 फरवरी 2025 – प्रदोष व्रत26 फरवरी 2025 – महाशिवरात्रि27 फरवरी 2025 – फाल्गुन अमावस्याबसंत पंचमी – इस दिन मां सरस्वती का प्रकटोत्सव मनाया जाता है. ये दिन बच्चों के विद्यारंभ संस्कार के लिए महत्वपूर्ण है. बसंत पंचमी पर अबूझ मुहूर्त होने से विवाह के लिए इस दिन का खास महत्व है. बसंत पंचमी पर नए प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्था की शुरुआत, भूमि पूजन, मुंडन, गृह प्रवेश, करना भी शुभ और मंगलकारी होता है. इस दिन महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान किया जाएगा.महाशिवरात्रि – फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि मनाई जाती है, कहते हैं इस तिथि पर रात में भगवान शिव अग्नि स्तंभ के रूप में ब्रह्मा जी और विष्णु जी के सामने प्रकट हुए थे. उस समय आकाशवाणी हुई थी कि इस तिथि की रात में जागकर जो भक्त मेरे लिंग रूप का पूजन करेगा, वह अक्षय पुण्य प्राप्त करेगा.मान्यता है कि इस रात में शिव जी और माता पार्वती एक साथ भ्रमण पर निकलते हैं.महाशिवरात्रि व्रत करने वाले पर इनकी विशेष कृपा होती है. महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के बाद कुंभ मेले का समापन होगा.

## बसंत पंचमी का उत्सव मनाने के लिए भारत के यह 5 . स्थान हैं विशेष, आप भी जान लें इनके नाम

बसंत पंचमी का पर्व हिंदू धर्म में खास महत्व रखता है. साल 2025 में बसंत पंचमी का पर्व माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है. इस पर्व को देशभर में उत्साह के साथ मनाते हैं. यह पर्व बसंत ऋतु के आने का प्रतीक माना गया है. इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना की जाती है.भारत में इन पांच जगहों पर बसंत पंचमी पर्व का धूम–धाम से मनाया जाता है. फिर चाहे बंगाल हो या बनारस के घाट या फिर पतंगों से भरा गुजरात हर जगह इस पर्व को लोग अपने तरह से मनाते हैं और इसके रंग मे रंग जाते हैं. कोलकाता, पश्चिम बंगालकोलकाता में बसंत पंचमी के मौके पर भव्य पूजा पंडाल लगते हैं. बंगाल में लगभग हर घर में लोग सरस्वती मां के मंदिरों में जाकर पूजा–अर्चना करते हैं. इस त्योहार को बंगाली हिंदूओं का प्रमुख त्योहार माना गया है. लोग घर और स्कूल में छात्रों के लिए सरस्वती पूजा रखते हैं. वाराणसी, उत्तर प्रदेशशिव की नगरी काशी, बनारस या वाराणसी बसंत पंचमी के इस पर्व को अपने तरह से मनाता है. वाराणसी में इस पर्व के लिए विशेष आयोजन किए जाते हैं. इस पर्व को लोग घाट पर मनाते हैं इस दिन बनारस का दृश्य बदल जाता है. इस दौरान घाटों पर मां सरस्वती की पूजा–अर्चना और अनुष्ठान किए जाते हैं.जयपुर, रा. जस्थानजयपुर में भी बसंत पंचमी के पर्व की धूम रहती है. इस पर्व को यहां लोग पूरी श्रद्धा भाव के साथ मनाते हैं. मंदिरों को सजाया जाता है और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाते हैं.अहमदाबाद, गुजरातअहमदाबाद में भी बसंत पंचमी की धूम रहती है. इस खास मौके पर पंतगबाजी का आयोजन किया जाता है. सरस्वती मां की आराधना के साथ इस




पर्व की शुरूआत होती है और पंतगबाजी का लोग आनंद लेते हैं. जो इस पर्व को और शानदार बना देता है. इस पर्व को देखने के लिए लोग–दूर–दूर से आते हैं. दिल्लीदिल्ली में भी बसंत पंचमी का बहुत महत्व है. इस पर्व को लोग पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं. विभिन्न जगाहों पर भंडारों का आयोजन किया जाता है और मां की आराधना की जाती है. साथ ही पंतगबाजी भी की जाती है.

## मन में अच्छे विचार कैसे लाएं, जानें प्रेमानंद महाराज जी से उनके अनमोल वचन




प्रेमानंद जी महाराज एक महान संत और विचारक हैं जो जीवन का सच्चा अर्थ समझाते और बताते हैं. प्रेमानंद जी के अनमोल विचार जीवन को सुधारने और संतुलन बनाएं रखने में मार्गदर्शन करते हैं.प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि हमें याद रखना चाहिए अच्छे और बुरे भाव की उत्पत्ति ये इन कारणों की वजह से होती हैं आपके अंदर अच्छे भाव आ रहे हैं या बुरे भाव आ रहे हैं तो उनमें बातें प्रधान होती हैं.पहला स्थान– आप कहां बैठे हैं , कहां रह रहे हैं, किस जगह खड़े हैं, आपको स्थान देखकर ही बर्ताव में उतरना है. जैसे मदिरालय में खड़े हैं तो आसुरी शक्ति अपने आप बढ़ने लगेगी. जिस स्थान पर खड़े होने से बात करने से, देखने से हमारी वृति बिगड़ रही है तो उसे तत्काल त्याग कर देना चाहिए वहां से हट जाना चाहिए.

जैसे सत्संग यमुना जी का एकांतिक पावन तट, किसी लता के नीचे किसी संत भगवान के सानिध्य में, अब हमारा यह स्थान भजन वृति बढ़ाएगा. उस व्यक्ति का घर जिसके पास जाने से वासना बढ़ रही, उस स्थान में जहां दृश्य देखने से हमारे अंदर गंदी बातें आ रही इनका त्याग कर देना दूसरा है अन्न– अन्न का बहुत बड़ा प्रभाव होता है. अगर अधर्म के द्वारा कमाया हुआ धन है तो बुद्धि अधर्म में ही लगेगी. यदि भोजन पकाते समय रसोई करते समय आप चिंतन कर रहे हैं तो कोई भी प्रसाद पाए उसके अंदर विकार जागृत हो जाएगा. अन्न का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है. अन्न का प्रभाव पड़ता है. हम जैसा अन्न पाते हैं वैसा. यदि अन्न थोड़ा भी हमारे अंदर दूषित चला गया तो जब कभी ऐसी विकार की भावना हो आपके अंदर विकार बन रहा हो तो खोजिए आपने कोई ऐसा दृश्य देखा है या आपने किसी से बात की है, आपने कोई संकल्प बनाया, अगर नहीं तो फिर भोजन दोष आ गया अब आज उपास कर लो, जब तक वृति ना नष्ट हो तक तब कुछ मत खाना. केवल जल से काम चलाना. भग. वान का नाम लेना कीर्तिन करना आपको शांति का अनुभव होगा.तीसरा है जल– पानी भी बहुत संभाल कर पीना चाहिए. आप जो पानी पी रहे हैं वो कैसे भरा गया किसने भरा नहीं पता. पहले लोगों ने सरोवर, कुंआ, हैंड पंप का जल पिया करते थे. अब लोग मोटर का जल पीते हैं और फिल्टर का पानी पीते हैं. आज के समय में पानी बिक रहा है. गंगा जल के पान से ऐसा लगता था कि सारी पौष्टिकता हमे मिल रही थी. आज पवित्र जल पीने के लिए तरसते हैं. जल का योग है साधना.जल दूषित होता चला जा रहा है. बिहारी जी के लिए आज भी यमुना का जल ही जाता है. इसलिए जल हमेशा पवित्र नदी का पीना चाहिए.

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्याय ही होगा

